हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

11 निमंत्रण के लिए डिजिटल कार्ड का प्रयोग करके पर्यावरण का संरक्षण



12 नगर निगम के शौचालय सुविधाओं से सुसज्जित



## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर में एक शाम बाबा श्याम के नाम आज

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम द्वारा 20 सितंबर को हिसार की नई अनाज मंडी में सत्यनारायण शिव मंदिर में एक शाम बाबा श्याम के नाम का आयोजन किया जाएगा। शाम से रात्रि प्रभु इच्छा तक भजनों से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान होगा। पुजारी विनय शर्मा, निःशुल्क ताली कीर्तन के सदस्यों एवं वाद्य यंत्र वादकों के साथ श्रीश्याम की भक्ति से प्रस्तुति देंगे।

### शिव तत्व की खोज पर आधारित ध्यान सत्र कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 21 सितंबर को शिव तत्व की खोज पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन होगा। प्रात से दोपहर 12 बजे तक शिव तत्व के महत्व बताया जाएगा। आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास करवाएंगे। स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया विज्ञान भैरव तंत्र की विस्तृत व्याख्या करते हुए ध्यान का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### इंग्लिश मीडियम समागम हिसार में कल

**हिसार।** संत निरंकारी मिशन का भिवानी ज़ोन का ज़ोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम 21 सितंबर को संत निरंकारी सत्संग भवन सुभाष नगर में होगा। संयोजक संजय खुराना व प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि समागम सुबह साढ़े 9 से दोपहर एक बजे तक है। समागम में दिल्ली से कमलदीप कौर सतगुरु का पावन संदेश देंगी। संजय खुराना को मिशन की हिसार ब्रांच का संयोजक नियुक्त किया गया है।

### रक्तदान व नेत्र जांच शिविर 21 को

**हांसी।** विकास मान मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा स्व. विकास मान के जन्मदिवस पर रक्तदान एवं नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन होगा। संयोजक एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया व डॉ. एसएस मान ने बताया कि अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीम रक्त संग्रहण किया जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन गोयल टीम के साथ मरीजों की जांच करेंगे।

### साढ़े 61 हजार की ठगी मामले में दूसरा आरोपी

**हिसार।** अर्बन एस्टेट पुलिस ने एक ऑनलाइन ठगी मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान फतेहाबाद के भिरडाना निवासी अमनदीप उर्फ अमनी के रूप में हुई है। कोर्ट ने उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर दिया है। एसआई नवीन कुमार ने बताया कि सेवानिवृत्त प्रो. ने बताया कि 2 मार्च को फेसबुक पर आशीष से बातचीत हुई। जिसने सीआरपीएफ में कमांडेंट बताया और कहा कि उसके पास टीवी, एसी, आरओ, वॉशिंग मशीन, डाइनिंग टेबल आदि घरेलू सामान है, जिसे वह बेचना चाहता है।

वायुसेना के विमानों ने शुरू की रिहर्सल, प्रशासन की तैयारियां हुई तेज

# कल हिसार एयरपोर्ट पर प्रदेश का पहला एयर शो

शो देखने के लिए बनने वाले पांडाल में 15 हजार लोगों के बैठने की होगी व्यवस्था

21 सितंबर को मुख्यमंत्री बनेंगे एयर शो के गवाह डीसी एसपी ने मौके पर पहुंच लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश, कार्यक्रम में नहीं आने वाले आसपास घरों से भी देखा जा सकेगा एयर शो





**हिसार।** महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर एयर शो कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते डीसी अनीश यादव, डीसी शशांक सावन तथा सेना के अधिकारी और हिसार में रिहर्सल करता वायुसेना का विमान। *फोटो : हरिभूमि।*

हरिभूमिन्यूज ▸▸ हिसार

महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा हिसार पर प्रशासन की तरफ से 21 सितंबर को आयोजित होने वाले भव्य एयर शो कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई है। कार्यक्रम के लिए एयरपोर्ट परिसर में करीब 15 हजार कुर्सियां लगाई जाएंगी। इसके अलावा जो लोग कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच पाएंगे, वे एयरपोर्ट के आसपास की सड़कों तथा बिल्डिंगों पर खड़े लेकर एयर शो का आनंद उठा सकेंगे। उधर, शुक्रवार से वायुसेना ने एयर शो को लेकर रिहर्सल शुरू कर दी है। सुबह के समय वायुसेना के विमानों की गर्जना कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। शुक्रवार को रिहर्सल में विमानों द्वारा किए गए करतबों ने कार्यक्रम की शानदार झलक पेश की, जिसे देखकर उपस्थित लोग रोमांचित हो उठे। वायुसेना की विमानों की रिहर्सल शनिवार को भी जारी रहेगी।

### अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

एयर शो लेकर उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक सावन तथा सेना के अधिकारियों ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के दौरान वायुसेना के विमान आसमान में रोमांचक करतब दिखाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि एयर शो कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर हजारों दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। यह पहला अवसर है जब हरियाणा प्रदेश के इतिहास में एयर शो का आयोजन किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने दर्शकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट पर व्यापक प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षा के लिए अलग-अलग टीमों की नियुक्त की गई हैं।

### प्रदेश के लिए गौरव का विषय

> यह एयर शो कार्यक्रम न केवल हिसार बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। आमजन से अपील की कि वे निर्धारित स्थान पर पहुंच कर इस एयर शो को देखें। साथ ही प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भी पालन करें। *-अनीश यादव, डीसी, हिसार।*

### पुख्ता रहेगी पूरी सुरक्षा व्यवस्था : एसपी



एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सेना के अधिकारियों ने भी कार्यक्रम स्थल पर तकनीकी तैयारियों का निरीक्षण कर एयर शो को सफल बनाने के लिए अपनी योजनाओं की जानकारी दी। हरियाणा में हो रहा पहला एयर शो प्रदेश के युवाओं के लिए ऐतिहासिक और यादगार साबित होगा।

### इन शहरों के लिए शुरू हो चुकी हवाई यात्रा

हिसार एयरपोर्ट से अब तक चंडीगढ़, अध्योध्या, दिल्ली व जयपुर के लिए हवाई यात्रा शुरू की जा चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अध्योध्या के लिए हवाई यात्रा के साथ इसका शुभारंभ किया था। इस माह मुख्यमंत्री ने हिसार से जयपुर के लिए हवाई सेवा का शुभारंभ किया था। जल्द ही यहां से दूसरे शहरों के लिए भी फ्लाइट शुरू करने की योजना है।





**हिसार।** चोरी के मोटरसाइकिलों सहित पकड़ा गया आरोपी।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार 11 मोटरसाइकिलें बरामद

हरिभूमिन्यूज ▸▸ हिसार

- आरोपी ने हिसार और विभिन्न अलग- अलग स्थानों से चोरी की थी मोटटरसाइकिलें
- भिवानी के मतानी गांव का रहने वाला है बनवारी उर्फ सोनू, 12 अगस्त को स्क्वेयर मार्केट से चुराई थी बाइक

एचटीएम थाना पुलिस ने रेड स्कवेयर मार्केट स्थित रणभूमि एकेडमी से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कुल 11 चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भिवानी जिले के मतानी निवासी बनवारी उर्फ सोनू के रूप में हुई है।

जांच अधिकारी एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि 12 अगस्त को मोहल्ला डोगरान पुलिस चौकी में देपल निवासी राहुल ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने अपनी मोटरसाइकिल सुबह लगभग 10 बजे रेड स्कवेयर मार्केट स्थित रणभूमि एकेडमी के पास खड़ी की थी। जब वह शाम करीब पांच बजे वहां पहुंचा तो मोटरसाइकिल गायब मिली। इस पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया और जांच करते हुए मतानी निवासी बनवारी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने 12 अगस्त को रणभूमि एकेडमी के पास से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। आगे की गहन पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ने हिसार के विभिन्न क्षेत्रों और भिवानी से कुल 11 मोटरसाइकिलें चोरी की थीं। आरोपी चोरीशुदा मोटरसाइकिलों को बेचने की फिराक में था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सभी 11 चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली हैं। पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## हर्ष फायरिंग के लिए लाइसेंसी हथियार देने का आरोपी काबू

हांसी। सीआईए हांसी पुलिस ने हर्ष फायरिंग के लिए अपना लाइसेंसी हथियार देने वाले आरोपी हिसार के मिल गेट निवासी सतपाल को गिरफ्तार किया है। सीआईए हांसी में तैनात एएसआई सम्मत ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने 17 फरवरी को गांव गढ़ी में आयोजित एक विवाह समारोह के दौरान एक व्यक्ति को हर्ष फायरिंग करने के लिए अपना लाइसेंसी हथियार दिया था। जिसके खिलाफ थाना बास में मामला दर्ज हुआ था। सीआईए हांसी ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी दोनाली बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

जीतकर भाजपाई बने कांग्रेस उम्मीदवार

## अनिल बने सिवानी नपा उप प्रधान

हरिभूमिन्यूज ▸▸ सिवानी मंडी

सिवानी नपा उपप्रधान पद के लिए शुक्रवार को चुनाव हुआ। कांग्रेस समर्थित अनिल खींची पर सहमति बनी लेकिन वे चुनाव से दो घंटे पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गए। अनिल खींची, दीपक शर्मा को एक वोट से हराकर उप प्रधान का चुनाव जीत लिया। लंबे समय के नपा उप प्रधान पद के लिए चुनाव का इंतजार था। जो शुक्रवार को पूरा हुआ। चुनाव मजेदार रहा। भाजपा के दो अपनी-अपनी जीत का दावा करते रहे। एक गुट ने अपना उम्मीदवार दीपक शर्मा को बनाया। नपा प्रधान के गुट से किसी नाम पर सहमति नहीं बनी तो कांग्रेस समर्थित अनिल खींची पर सहमति बनी। अनिल खींची को भाजपा कार्यकर्ता बताया गया।



चुनाव जीतने के बाद नपा उपप्रधान अनिल खींची के साथ राजेश केडिया।

### भाजपा मेरी पार्टी

नपा चेयरपर्सन प्रतिनिधि राजेश केडिया ने कहा कि अनिल खींची बहुत पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे। ट्रिपल इंजन सरकार शहर के विकास में पूरा योगदान देगी। नवनिर्वाचित उप प्रधान अनिल खींची ने कहा कि वे नपा प्रधान प्रतिनिधि राजेश केडिया के साथ है और वही उनकी पार्टी है।

### कांग्रेस विधायक के थे खास, एक वोट से जीते

चर्चा रही कि अनिल हलका के कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया के खास माने जाते है। चुनाव हुआ तो दीपक शर्मा को 8 वोट मिले जबकि अनिल खींची को 9 वोट मिले। एक वोट से अनिल खींची जीतकर उप प्रधान चुने गए। चुनाव जीतने के बाद अनिल खींची को भाजपा का पटका पहनाया गया भाजपा और जेपी दलाल के नारे लगाए गए।

## दड़ौली में जुआ खेलते 10 गिरफ्तार 2 लाख 45 हजार से अधिक बरामद

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने गांव दड़ौली स्थित एक मकान में छापेमारी कर जुआ खेलते 10 व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से 2 लाख 45 हजार 50 रुपये की नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए हैं। एसआई साहब राम ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव दड़ौली स्थित एक मकान में छापा मारा। वहां 10 व्यक्ति जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर छापा मारा और 10 व्यक्तियों को काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान गोविंदपुरा सिरसा निवासी रासदर्शन, बनवाली निवासी सतपाल, गांव डाया सुरेंद्र, बरवाल राजस्थान निवासी जयप्रकाश, महाराणा राजस्थान निवासी अशोक कुमार, लाइनपार मंडी आदमपुर निवासी विनोद कुमार, जसानिया सिरसा निवासी चंद्रभान और सुरेंद्र, ढांड फतेहाबाद निवासी मनोज और ढाबी खुर्द हिसार निवासी रमेश के रूप में हुई।

## कृषि मेलाः सभी अधिकारी तालमेल से करें काम

- 21 व 22 सितंबर को हकृवि के मेला ग्राउंड में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर होगा आयोजन

हरिभूमिन्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मेला ग्राउंड में 21 व 22 सितंबर को 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' विषय पर आयोजित किए जाने वाले कृषि मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ सभी कार्य बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए हैं। प्रो. बीआर काम्बोज कुलपति सचिवालय स्थित मीटिंग हाल में आगामी कृषि मेला (रबी) की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मेला प्रबंधन को लेकर गठित की गई विभिन्न 28 कमेटियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपने-अपने कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने की भी हिदायत दी।



## नशीली दवाः 4 दिन के रिमांड पर सप्लायर

हरिभूमिन्यूज ▸▸ हिसार

- प्रोफेसर कॉलोनी निवासी संदीप की 16800 नशीली टेबलेट्स के साथ हुई थी गिरफ्तारी, चरखी दादरी के संदीप ने की थी सप्लाई

नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने थाना शहर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले में नशीली टेबलेट्स सप्लायर हरिनगर कॉलोनी चरखी दादरी निवासी सुमित को गिरफ्तार किया है।

जांच अधिकारी एएसआई मांगेराम ने बताया कि आरोपी सुमित ने 16800 नशीली टैबलेट्स प्रोफेसर कॉलोनी निवासी संदीप को दी थी। इस संबंध में सीआईए टीम ने 8 जुलाई को प्रोफेसर कॉलोनी निवासी संदीप को गिरफ्तार कर उसके कब्जे 16 हजार 800 नशीली टैबलेट्स बरामद की थी। मामले की कड़ी में अब मुख्य सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। नशीली टैबलेट्स के सप्लाई नेटवर्क की गहन जांच के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## 22 से शुरू होगा कटला रामलीला का मंचन

- विजयदशमी पर 2 अक्टूबर को 60 फुट ऊंचे पुतलों को होगा दहन
- पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में किया जाएगा आयोजन

हरिभूमिन्यूज ▸▸ हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला की रामलीला का मंचन पुराना कॉलेज ग्राउंड में 22 सितंबर से तीन अक्टूबर तक चलेगा। प्रशासक व समिति सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन भवन में पत्रकारों को बताया कि 128वां भव्य विजय दशमी महोत्सव से पुराना कॉलेज मैदान में 11 दिन रात्रि 8:30 से प्रभु इच्छा तक भगवान रामजी की लीलाओं का मंचन होगा। मंचन को यादगार बनाने के लिए श्री राम कृष्ण कला अनुकरण संस्थान श्रीधाम वृंदावन से भावेश कृष्ण भारद्वाज व टीम पहुंच रही है। श्री रामलीला में प्रथम दिन नारद मोह एवं पृथ्वी के सबसे पहले मानव का प्रसंग पर मंचन होगा। इस मौके पर अंजनी कुमार खारिया वाले, वीरभान बंसल, पूर्व प्रधान सज्जन गुप्ता, ऋषिराज बुडाकिया, विनोद गुप्ता, सुरेंद्र लाहोरिया, विनोद कंसल, जनक राज, राजेंद्र बंसल नेताजी, राजेश शर्मा, चंद्रभान सोनी, राधेश्याम, प्रेम कश्यप, सूर्या गोयल, राकेश गुप्ता, विनोद वर्मा आदि उपस्थित रहे।





### शुभारंभ में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व विजय दशवीं पर विधायक सावित्री जिंदल पहुंचेगी

रामलीला मंचन के प्रथम दिन पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे जबकि डॉ. अजय महाजन एमडी व डॉ. पुनीत मैनी अति वशिष्ठ अतिथि होंगे। विजय दशमी का कार्यक्रम पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में भव्य आतिशबाजी एवं पुतला दहन के साथ होगा। विधायक सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि होंगी जबकि बजरंग दास गर्ग, विजय कौशिक, शकुंतला राजलीवाला, अंजनी कुमार खरिया वाले, कृष्ण कुमार गोरखपुरिया व राजेंद्र गावड़िया वशिष्ठ अतिथि होंगे।

### 26 को शोभा यात्रा

, 26 सितंबर को भगवान श्री रामजी की भव्य बारात का आयोजन सायं 04 बजे शोभा यात्रा व भव्य झांकियों के साथ होगा। नलवा विधायक रणधीर पनिहार व आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

जलभराव से परेशान बधावड़ के ग्रामीण, पुलिस ने खुलवाया

# ग्रामीणों ने जींद-बरवाला रोड किया जाम

हरिभूमिन्यूज ▸▸ बरवाला

गांव बधावड की महिलाओं द्वारा बारिश के पानी की निकासी करवाए जाने की मांग को लेकर जींद मार्ग पर जाम लगाया गया। आक्रोशित ग्रामीण महिलाओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करके रोष व्यक्त किया। सूचना पाकर बरवाला थाना प्रभारी करमजीत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जाम में शामिल महिलाओं को संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से बात करके बारिश के पानी की समुचित निकासी करवाए जाने का आश्वासन देकर जाम को खुलवा दिया । यह जाम दोपहर को लगभग डेढ़ घंटे तक लगाया गया। इस जाम के खुलते ही वाहन चालकों व राहगीरों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव से किसानों की सारी फसले तबाह हो गई है। खेतों में अभी भी जलभराव की समस्या बनी हुई है । जल भराव से कई ग्रामीणों के मकान ढह गए हैं। किसानों की फसलें चौपट होने से किसानों के भूखे मरने की नौबत आ गई है। खेतों से बारिश के पानी की निकासी करवाए जाने को लेकर सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई जा चुकी है। परंतु बारिश के पानी की निकासी न के बराबर करवाई जा रही है।



**बरवाला।** ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम खुलवाते थाना प्रभारी करमजीत।

### गांव में बड़े-बड़े नेता आए, आश्वासन दिए, नहीं हुई पानी निकासी

जाम लगाने के बाद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बारिश के पानी की निकासी को लेकर कई बड़े-बड़े नेताओं ने गांव बधावड का दौरा किया। नेताओं ने बरसात के पानी के साथ फोटो खींचवाएं और जल्द पानी निकासी के आश्वासन दिए। पानी आज तक भी खेतों में खड़ा है। जिससे स्पष्ट होता है कि नेताओं का किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं था। वे तो बस फोटो शूट के लिए आते थे। जिस कारण निकासी के लिए अब हमें रोड पर बैठना पड़ा।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।





फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉयड नामक रसायन के कारण होता है।





# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक को बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहू के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहू, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

### प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)

## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www. careerjaano. com** पर भी विजिट कर सकते हैं।*

### आवश्यक कौशल

बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता

### उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।**


**1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम**

- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

**2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)**

- **माइक्रोसॉफ्ट**: माइक्रोसॉफ्ट अजूर फंडामेंटल्स
- **गूगल**: गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न**: एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम**: आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल**: ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को**: सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

*ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।*



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  सॉफ्टवेयर डेवलपर
  वेब डेवलपर
  मोबाइल एप डेवलपर
  डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  आई.टी. ऑफिसर
  डाटा एनालिस्ट
  टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  बिज़नेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  वेबसाइट मैनेजर
  एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  ऑनलाइन ट्यूटर
  आईटी ट्रेनर
  एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी
  कंसल्टेंट
  प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

**यह इनकम संभव**

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- प्रशासनिक सेवाएं
  भारतीय प्रशासनिक सेवा
  भारतीय पुलिस सेवा
  राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  प्रोबेशनरी ऑफिसर
  आईटी ऑफिसर
  क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  डी.आर.डी.ओ. में वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  इसरो में अनुसंधान पद
  राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर
  कंप्यूटर प्रशिक्षक
  अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  लेफ्टिनेंट
  आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  अकाउंट अफसर
  एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**इनकम यह संभव**

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता**: आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप

### रोजगार सहायता शिविर में 89 युवा हुए शामिल

**हिसार।** सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मंडल रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया। इस शिविर में कुल 89 युवाओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और रोजगार व करियर से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शिविर में युवाओं को सक्षम युवा योजना और बेरोजगारी भत्ता योजना आदि की विस्तृत जानकारी गई।

### जॉर्जियन एसो. ने सेंटेनरी कार रैली का किया स्वागत

**हिसार।** हिसार जॉर्जियन एसोसिएशन ने ऐतिहासिक 72 आर्म्ड ऑफिसर्स मेस, हिसार में सेंटेनरी कार रैली टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। रैली का स्वागत कर्नल जयन्त सिंह, कर्नल राकेश पूनिया, कर्नल प्रदीप ढिल्लों, वासुदेव शर्मा और पांचों राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों के एक्स-अलुमनाई सहित बड़ी संख्या में जॉर्जियन्स ने किया। 72 आर्म्ड रेजिमेंट के ऑफिसर्स मेस में एक जीवंत शाम का आयोजन किया गया, जहां जॉर्जियन्स ने सांझा यादों और सौहार्द पर बातचीत की। केक-कटिंग समारोह शामिल था। टीम को सम्मान के प्रतीक के रुप में टी-शर्ट प्रदान की। बदले में, रैली टीम ने हिसार जॉर्जियन एसोसिएशन को टी-शर्ट, स्मृति चिन्ह, जॉर्जियन स्टिकर और कीचेन प्रदान किए।

### आईटीआई के विद्यार्थियों को किया जागरूक

**नारनौंद।** पुलिस ने आईटीआई राखी गढ़ी में जाकर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। नशा मुक्ति टीम प्रभारी एएसआई राजेश कुमार ने कहा कि साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया पैंतरा सामने आया है। साइबर ठग कुछ रकम आपके खाते में भेजते हैं। मैसेज आने के व्यक्ति तुरंत अपना बैलेंस चैक करने के लिए अपना यूपीआई अकाउंट खोलता है। पैसे के साथ उस ठग द्वारा पैसे ट्रांसफर की रिक्वेस्ट भी भेज रखी होगी। बैलेंस चैक करने के लिए जैसे ही व्यक्ति अपना पिन डालता है।

---

### सेवा पखवाड़ा: मंत्री राव नरबीर ने बीड में 1500 पौधे किए गए रोपित

# निमंत्रण के लिए डिजिटल कार्ड का प्रयोग करके पर्यावरण का संरक्षण



**हिसार।** पौधरोपण करते कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### अधिक से अधिक पेड़ों को कटने से बचाकर अगली पीढ़ियों को दें स्वस्थ जीवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पर्यावरण, वन एवं वन्य प्राणी मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कागजी निमंत्रण पत्रों की जगह डिजिटल कार्ड के जरिए निमंत्रण भेजना चाहिए। ऐसा करके हर वर्ष बड़ी संख्या में पेड़ों को कटने से बचा कर आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन की सौगात दें। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह शुक्रवार को हिसार स्थित बीड़ में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इसी कड़ी में यहां 1500 पौधे रोपित किए गए तथा प्रचार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए मानव को खाना-पानी तथा हवा की सबसे अधिक आवश्यकता होती है लेकिन यह तीनों चीजों ही लगातार प्रदूषित हो रही हैं। हमें इन तीनों चीजों को हर हाल में बचाना होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है। हर व्यक्ति को इस अभियान के तहत अपनी मां के नाम एक पौधा न केवल रोपित करना चाहिए बल्कि उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर हिसार विधायक सावित्री जिंदल, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, पीसीसीएफ विनीत गर्ग व घनश्याम शुक्ला, चेयरमैन कृष्ण यादव, संजीव रेवड़ी, अनिल गोदारा, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाल, रवि सैनी, सरपंच मदनलाल, कुलदीप ढेलू, जिला वन अधिकारी रोहताश बिरथल आदि उपस्थित रहे।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस की लीगल लिट्रेसी क्लब ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हांसी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में लीगल लिट्रेसी क्लब के तत्वावधान में छात्रों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायत घर और मुख्य गली नंबर 1 की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक साहिल यादव, प्राचार्य नितीश मिश्र तथा क्लब प्रमुख देवदत्त के मार्गदर्शन में बच्चों ने न केवल सफाई कार्य में भाग लिया बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया। छात्रों ने हाथों में झाड़ू उठाकर कूड़ा-कचरा हटाया और गली में फैली गंदगी को साफ कर यह उदाहरण प्रस्तुत किया कि स्वच्छता केवल सरकार या पंचायत की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सराहना की। निदेशक साहिल यादव व प्राचार्य नितीश मिश्र ने कहा कि साफ-सफाई से न केवल वातावरण स्वस्थ होगा बल्कि बच्चों और बड़ों का स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहेगा। ग्रामवासियों ने भी छात्रों की इस पहल की खूब प्रशंसा की और आश्वासन दिया कि वे आगे से अपने मोहल्ले और गलियों को साफ-सुथरा रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



**हांसी।** गांव के पंचायत घर व गलियों में सफाई अभियान चलाते आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**बरवाला।** कार्यक्रम के दौरान सफाई अभियान चलाते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वच्छता और रक्तदान ही समाज की असली ताकत: रणबीर गंगवा

- सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बरवाला में सफाई अभियान एवं रक्तदान शिविर आयोजित
- 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक देशभर में मनाया जा रहा है सेवा पखवाड़ा, इसे सरकारी नहीं, जीवनशैली बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

भाजपा बरवाला मंडल की ओर से शुक्रवार को नव ज्योति दुर्गा मंदिर परिसर में सफाई अभियान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कैबिनेट मंत्री ने सबसे पहले मंदिर परिसर में चलाए गए सफाई अभियान में हिस्सा लिया और स्वयं झाड़ू लगाकर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जीवनशैली है, जिसे अपनाकर हम स्वस्थ समाज और प्रगतिशील राज्य का निर्माण कर सकते हैं। सफाई अभियान के उपरांत कैबिनेट मंत्री ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और रक्तदान समाज की असली ताकत है। रक्तदान केवल जीवनदान ही नहीं, बल्कि यह सेवा और समर्पण की सर्वोच्च भावना है।

युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से जुड़ें, क्योंकि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है। शिविर में 100 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

---

## कल नृसिंह प्रह्लाद रामलीला का झंडारोहण

- 2 अक्टूबर को सब्जी मंडी में 77वां दशहरा पर्व



**सुरेश कक्कड़, प्रधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष 21 सितम्बर को सायं 5 बजे मुलतानी चौक पार्क में झंडारोहण किया जाएगा। प्रधान सुरेश कक्कड़ ने बताया कि झण्डारोहण पर पंजाबी वेलफेयर सोसायटी के प्रधान शम्मी नागपाल मुख्यातथि व पवन गिरधर आएंगे। पं. देवकीनन्दन कपिल हनुमान ध्वज की पूजा-अर्चना का कार्य सम्पन्न करवाएंगे। सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने बताया कि दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक इसी पार्क में सायं 7 बजे से 10 बजे तक बड़े पर्दे पर रामलीला दिखाई जाएगी। 27 सितम्बर को सायं 4 बजे मुलतानी चौक पार्क से शहर में धूमधाम से राम बारात निकाली जाएगी।

**यहां होगा समारोह**

मुख्य समारोह पंजाबी धर्मशाला, राजगुरु मार्केट में होगा। राम बारात के अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित होंगी। अध्यक्षता समाजसेवी राजकुमार पाहवा व सतीश कुमार सेहरा करेंगे। सभा के कोषाध्यक्ष भीमसैन नारंग ने बताया कि 2 अक्टूबर को नई सब्जी मंडी के प्रांगण में 77वां दशहरा महोत्सव में रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के विशाल पुतले जलाये जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली व पूर्व मेयर गौतम सरदाना उपस्थित होंगे।

## 'हिंदी है हमारी भाषा, हिंदी है हमारी आशा'

- महिला काव्य मंच की गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिंदी पखवाड़े में महिला काव्य मंच की हिसार इकाई द्वारा एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा की उपस्थिति रही। साहित्यकार पीपी शर्मा, नीरज कुमार मनचंदा एवं माहिया समीर भी उपस्थिति रही। गोष्ठी की अध्यक्षता एवं मंच संचालन पूनम मनचंदा ने किया। सरस्वती वंदना एवं पुष्पांजलि के पश्चात कवयित्री डॉ दविना अमर ठकराल ने अपनी रचना 'मौन की एक परिभाषा है, इसकी एक अलग ही सार्थक भाषा है' सुनाकर सभी की सराहना पाई।

कवयित्री पूनम मनचंदा ने अपनी रचना 'हिंदी है हमारी भाषा, हिंदी है हमारी आशा हिंदी भाषा पर देखो, हमें अभिमान है' गोष्ठी को उत्कर्ष पर पहुंचा दिया।



**हिसार।** मासिक काव्य गोष्ठी में उपस्थित मंच के पदाधिकारी एवं रचनाकार।

**हर आंख थकी सी...**

कवयित्री नीरज सोरखी ने 'हर आंख थकी-सी, हर दिल बहुत उदास है, भीड़ का सैलाब खड़ा, कम ही जिगर के पास हैं।' सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। इस मौके पर कवयित्री चेतना कौशिक, रिया नागपाल, शिल्पा खन्ना, उषा ठकराल, डॉ. माहिया समीर, ग़ज़लकार नीरज कुमार मनचंदा, पी पी शर्मा, सीमा शर्मा ने अपनी रचनाएं पेश की।

---

## विधायक ने बाढ़ राहत कोष में दिया वेतन

- विधायक चंद्रप्रकाश ने शिविर में पहुंचकर बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला, हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करने का भी किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवा पखवाड़ा के अनुसार आदमपुर के गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) में आयोजित रक्तदान शिविर में विधायक चंद्रप्रकाश ने पहुंचकर रक्तदाताओं से मुलाकात की। रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि कि हर स्वस्थ्य व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उनहोंने स्वयं सेवकों रक्तदाता छात्रों की सेवा भावना की सराहना की। हर स्वस्थ इंसान को अपनी आयु के अनुसार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।



**हिसार।** आदमपुर आईटीआई में आयोजित रक्तदान शिविर में मौजूद विधायक चंद्रप्रकाश एवं स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**हजारों एकड़ फसल बर्बाद**

रक्तदान शिविर के उपरांत चंद्रप्रकाश ने गांव कालीरावण, आदमपुर, मोहब्बतपुर ढाणी, मोडाखेड़ा, डोभी, तेलनवाली, गोरछी, आर्यनगर व हिसार में सुख-दुख में शामिल होकर शोक संतप्त परिवारों को ढाढस बंधाया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के प्रति चिंता जताते हुए अपना एक महीने का वेतन हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के बहुत से क्षेत्रों में भारी बारिश व ड्रेन टूटने से हजारों एकड़ खेती बर्बाद हो चुकी है और अगली बिजाई भी संभव नहीं है। इसलिए हर समर्थ इंसान को किसानों, ग्रामीणों व बारिश से प्रभावित अन्य लोगों की सहायता के लिए आगे आने चाहिए।

## रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को हांसी पुलिस लाइन में हिसार रेड क्रॉस हिसार टीम व हिसार नागरिक हस्पताल डाक्टरों की टीम तथा फॉर्मासिस्ट अमरजीत द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डीएसपी मुख्यालय विनोद शकंर व हांसी जिला के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने के लिए ब्लड बैंक को उपलब्ध करवाया गया। कैम्प के दौरान उप पुलिस अधीक्षक विनोद शकंर ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है, क्योंकि इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में रक्तदान करने वाले पुलिस कर्मचारियों को उप पुलिस अधीक्षक विनोद शंकर ने प्रशंसा पत्र और धन्यवाद देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मौजूद शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स सहित सभी लोगों ने संकल्प लिया।



**हांसी।** रक्तदान करने वाले पुलिस कर्मचारी को बैज लगाकर सम्मानित करते डीएसपी विनोद शंकर।

## महाराजा अग्रसेन ने अग्रोहा में भाईचारे का दिया था संदेश: गर्ग

- अग्रोहा धाम मेले की तैयारियां को लेकर अग्रवाल संगठन के प्रतिनिधियां की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रवाल संगठन के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में पुरानी अनाज मंडी में हुई।

इस मीटिंग में अग्रवाल संगठन का विस्तार करने व अग्रोहा धाम मेले की तैयारी पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अग्रोहा से आपसी भाईचारा का संदेश दिया था और हर जरूरतमंद में गरीब व्यक्तियों को ऊंचा उठने के लिए हर घर से एक ईंट व एक मुद्रा देने का नियम लागू किया।



**हिसार।** समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे उपस्थित**

गर्ग ने कहा कि आज भी अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों पर चलकर जनहित के कार्यों में लगा हुआ है। इस अवसर पर अग्रोहा धाम उकलाना प्रधान सुरेश गर्ग, व्यापार मंडल प्रधान महेश बंसल, प्रदेश संगठन मंत्री सतीश बंसल, राजकुमार गर्ग, तरसेम बरवाला, अनंत अग्रवाल, बलराज गर्ग, सुभाष सनातन, कैलाश लोहिया, अशोक गर्ग, राजेंद्र महिपाल, हरीश गर्ग, रमेश सिंगला, निरंजन दहमान आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

---

### अतिरिक्त उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की परंपरा पूरी करवाई

## कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की रखें विशेष निगरानी: सी. जयाश्रद्धा

- 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को 8वें राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यशाला हुई। जिसकी अध्यक्षता एडीसी सी. जयाश्रद्धा व कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा द्वारा किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोषण माह के दौरान कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में किशोरियों और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को कहा। उन्होंने जिले की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की परंपरा पूरी की और विभाग को निर्देश दिए कि किए गए कार्यों को नियमित रूप से पोषण अभियान पोर्टल पर अपलोड किया जाए। पोषण माह के अंतर्गत आयोजित रंगोली, रेसिपी और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।



**हिसार।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्घा। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

रंगोली प्रतियोगिता में हिसार शहरी खंड की सुपरवाइजर यशस्वनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेसिपी प्रतियोगिता में खंड आदमपुर की सुपरवाइजर किरण प्रथम रहीं जबकि पोस्टर मेकिंग में खंड नारनौंद की सुषमा ने बाजी मारी। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी अनिता दलाल, सत्या, सरिता, कृष्णा चहल, नीलम, सुदेश, अनिता, स्वास्थ्य विभाग से डॉ अनिल पंवार, डॉ अभिषेक, निजी स्कूलों के संचालक एवं अनेक सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## राजकीय आईटीआई में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

- सेवा पखवाड़े के तहत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को किया जागरूक
- प्राचार्या प्रेम किरण ने टीम के सदस्यों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेवा पखवाड़े के तहत शुक्रवार को राजकीय आईटीआई हिसार में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें नशा मुक्ति विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। प्रार्थना सभा में हरियाणा पुलिस नारकोटिक्स टीम से सब इंस्पेक्टर इन्द्र, हवा सिंह, एएसआई सुमन, एनएनसी स्टाफ से हेड कांस्टेबल सोनिया तथा महिला सुरक्षा एवं स्पेशल जस्टिस टीम से किरण व इन्द्रपाल ने शिरकत की।

इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या प्रेम किरण, मुख्य संयोजक ललित पुनिया, दीपक कटारिया, वर्ग अनुदेशिका रितु अरोड़ा, कार्यालय अधीक्षक राजबीर, मंच संचालक सदानंद सहित संस्थान का स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



हिसार। 14वीं औद्योगिक मंडल स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित विधायक रणधीर पनिहार।

### मंडल स्तरीय श्रमिक खेल स्पर्धा संपन्न

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 14वीं औद्योगिक मंडल स्तरीय श्रमिक खेल कूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शुक्रवार को प्रतियोगिता के समापन समारोह में विधायक रणधीर पनिहार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विजेता खिलाडियों तथा टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मंडल के विभिन्न जिलों से आई टीमों ने एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, खो-खो, दौड़ सहित अनेक खेलों में शानदार प्रदर्शन किया।

### उद्यमिता दिवस प्रतियोगिता में रूपाली रही प्रथम

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में उद्यमिता दिवस के अवसर पर स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में रूपाली प्रथम, आंचल द्वितीय व अंतिमा तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में रूपाली ने प्रथम ,मंजू ने द्वितीय व महिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या प्रोफेसर उर्मिला मलिक ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए पोस्टरों व स्लोगनों की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन डॉ पूर्णिमा व डॉ अजीत के द्वारा किया गया।

### वेतन आयोग को लेकर रेलवे कर्मियों का प्रदर्शन

**उकलाना।** एनआरएमयू धूरी शाखा के रेलवे कर्मचारियों ने 8वें वेतनमान आयोग के गठन को लेकर रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में कैंट के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग का गठन करने के नाम पर टाल-मटौल का रवैया अपनाए हुए है। सरकार जान बूझकर वेतन आयोग के गठन में देरी कर रही है, उससे कर्मचारियों में बहुत रोष है। उनकी मांग है कि अतिशीघ्र वेतन आयोग का गठन किया जाए। प्रदर्शन में शाखा सचिव हरि भजन लूना, सोम्यो गुप्ता, विरेंद्र कुमार, राहुल, संदीप संतोष, अमरीक सिंह, कृष्ण बाल, फैली राम मीणा, रजनीश आदि ने भाग लिया।

### डीएसपी ने गांवों का दौरा कर सुनीं शिकायतें

**नारनौंद।** सेवा पखवाड़ा दौरान ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत पुलिस उप अधीक्षक देवेन्द्र नैन ने थाना नारनौंद क्षेत्र के गांव गामड़ा, लोहारी राघो मोठ करनैल व मोठ रांगड़ान का दौरा कर ग्रामीणों को नशे, साइबर क्राइम व ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया। डीएसपी ने आमजन से कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है और अपराधो में कमी आएगी। गांव में भाईचारा वा सौहार्द बना कर रखे। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में भी जागरुक किया।

---

### शौचालयों की देख-रेख कर रही संस्थाओं व एजेंसी के साथ बैठक

*नगर निगम की इस मुहिम को सभी संस्थाओं ने सराहा*

# सुविधाओं से सुसज्जित हैं निगम के सभी शौचालय : मेयर पोपली



हिसार। शौचालयों को गोद लेने वाली संस्थाओं के साथ बैठक करते मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा स्वच्छता अभियान को लेकर मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता व निगमायुक्त नीरज के संचालन में शहर के शौचालयों को गोद लेने वाली संस्थाओं व उनकी देखरेख करने वाली एजेंसी के साथ बैठक हुई।

**निगम ने पांच एस्पिरेशनल टॉयलेट बनाए**

बैठक के दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने मौजूद संस्थाओं को उनके गोद लेने के बाद से अब तक के अनुभव के बारे में पूछा तो सभी बताया कि शौचालयों में पहले के मुकाबले अब बेहतर व्यवस्था में है। यह हम नहीं वहां पर आने वालों लोग व्यापारियों को बता रहे है। नगर निगम की इस मुहिम को सभी संस्थाओं ने सराहना की है। मेयर ने कहा कि नगर निगम के शौचालय सुविधाओं से सुसज्जित हैं। नगर निगम द्वारा हाल ही में 5 एस्पिरेशनल टॉयलेट बनाए गए है। जिनको लेकर शहरवासी आश्चर्यचकित है कि सरकारी टॉयलेट भी इतने अच्छे व सुविधाजनक हो सकते है। मेयर कहा कि जिस प्रकार आप अब शौचालयों की देख-रेख व साफ-सफाई के कार्यों का ध्यान रख रहे है, भविष्य में भी रखेंगे यहीं अपेक्षा आपसे करते है। इस दौरान रामपाल, महेश चौधरी, सुरेन्द्र बजाज, राहुल,आदि मौजूद रहे।

#### 26 बेसहारा पशुओं को पकड़ा

नगर निगम द्वारा शुक्रवार को 26 बेसहारा पशुओं को पकड़ा गया। पशु पकड़ों अभियान के नोडल ऑफिसर सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस दौरान पुलिस व तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा और उनकी टीम मौजूद रही। संदीप एएसआई ने बताया कि क्षेत्र से 26 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण ढंढूर भेजा गया।



हिसार। नगर निगम कार्यालय में जन्म-मृत्यु शाखा का औचक निरीक्षण करते मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो : हरिभूमि*

#### अगले शनिवार तक सभी फाइलों का निपटान करें कर्मचारी : प्रवीण

- मेयर प्रवीण पोपली ने किया जन्म-मृत्यु शाखा का निरीक्षण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में जन्म-मृत्यु शाखा का किया औचक निरीक्षण। इस दौरान मेयर कहा कि मेरे कार्यालय में आने वाले नागरिकों की शिकायत हैं कि जन्म-मृत्यु शाखा में उनके कार्य में देरी हो रही है। इस बारे में शाखा के कर्मचारियों ने मेयर को बताया कि जन्म-मृत्यु शाखा में कोई भी फाइल आरटीएस से बाहर नहीं है। कर्मचारियों के मुताबिक जन्म-मृत्यु शाखा में सुधार करवाने की लगभग 735 फाइल है, एनएसी के फाइलें लगभग 1210 और नाम दर्ज की लगभग 1314 फाइलें है, इसके अलावा डीले डेथ/बर्थ की 7 फाइलें हैं जिन पर कार्य चल रहा है। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि पिछले निरीक्षण के दौरान आपने जो रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। उस समय से लेकर अब तक की रिपोर्ट बनाकर मेरे कार्यालय में भिजवाए। इसके साथ इन फाइलों अगले शनिवार तक निपटान करें। इसके बाद मेयर प्रवीण पोपली ने प्रॉपर्टी टैक्स शाखा का निरीक्षण किया।

---



हांसी। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बेस्ट क्लास अवार्ड से सम्मानित करते विद्यालय निदेशक डॉ संदीप देसवाल व अन्य *फोटो : हरिभूमि*

## आरपीएस की 10वीं को मिला बेस्ट क्लास अवार्ड

- प्रतिदिन कक्षाओं का मूल्यांकन करता है विद्यालय प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

आरपीएस स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

विद्यालय प्रशासन प्रतिदिन सभी कक्षाओं का मूल्यांकन करता है, जिसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन, नियमित कार्य और पढ़ाई में उत्कृष्टता को प्रमुख आधार माना जाता है। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत इस माह का बेस्ट क्लास अवार्ड कक्षा 10वीं (एफ) को प्रदान किया गया। इस कक्षा ने न केवल 100 फीसद उपस्थिति दर्ज की बल्कि अनुशासन, समय पर कार्य पूरा करने और पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं (एफ) के क्लास इंचार्ज अमन मनचंदा ने इस सफलता पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत और टीम वर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है। आरपीएस स्कूल परिवार ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

**सम्मानित किया**

विद्यालय निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने कक्षा 10वीं (एफ) के विद्यार्थियों को सम्मानित किया और कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### नगर निगम ने किए 9 चालान

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर में सफाई सम्बन्धित कार्य के साथ-साथ नगर निगम कार्रवाई भी कर रहा है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने ऑटो मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी और सोहन सिनेमा के सामने कुल 9 चालान किए। जिसमें 5 डस्टबिन प्रयोग न करने के 3 सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन के और एक का खुले में कचरा डालने पर चालान किए गए। टीम ने बताया कि ये सभी चालान 2100 रुपये के किए गए है।

---

## छात्रों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन करें

- बाबा बंदा बहादुर स्कूल में इंटर हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अधिगम प्रतिफल व शिक्षण प्रणाली विषय पर सीबीएसई द्वारा इंटर हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन न्यू यशोदा पब्लिक स्कूल, हिसार की प्रधानाचार्या रितु बिश्नोई के द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों के सीखने की गतिविधि जैसे कोर्स, कक्षा या प्रशिक्षण के पूरा होने के बाद ज्ञान कौशल या समझ का मूल्यांकन करना होता है। इसके साथ ही रितु बिश्नोई ने शिक्षकों को पाठ्यक्रम तैयार करने शिक्षण विधियों को चुनने और छात्रों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित किया।



हांसी। लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागोजी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के अध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

**ये है उद्देश्य**

*इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य पेडगोजी के लाभों में छात्र केंद्रित दृष्टिकोण सीखने की गतिविधियों का सुगम बनाना और छात्रों को सक्रिय रूप से संलग्न करना है।*

## प्रभावी नेतृत्व करने में मददगार कौशल : बिश्नोई

- सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम 'प्रज्ञान-2025' के प्रशिक्षकों व समन्वयकों के सम्मान के लिए समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि सफलता पाने के लिए आत्मविश्वास से संवाद करना, टीम में काम करना, समस्याओं का समाधान ढूंढना और बदलते परिवेश में स्वयं को ढालना अत्यंत आवश्यक है।

यही कौशल अच्छे रिश्ते बनाने, तनाव संभालने और प्रभावी नेतृत्व करने में मददगार होते हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के स्पीकाथॉन क्लब के सौजन्य से अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से विश्वविद्यालय के कनिष्ट एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए हुए दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम 'प्रज्ञान-2025' के प्रशिक्षकों व समन्वयकों के सम्मान के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। जिंदल स्टेनलेस स्टील हिसार के डीजीएम एलएंडडी हितेश यादव विशिष्ट अतिथि जबकि अनुदीप फाउंडेशन की किरण विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रही। समारोह की अध्यक्षता प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने की।



हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के साथ कार्यक्रम समन्वयक एवं मार्गदर्शन दल के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

**कौशल का महत्व**

विशिष्ट अतिथि हितेश यादव ने कॉपोरेट सफलता में संचार और पारस्परिक कौशल के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। विशेष अतिथि किरण ने सहकर्मी-से-सहकर्मी प्रशिक्षण के अभिनव मॉडल की सराहना की और विद्यार्थियों के उत्साह पर खुशी व्यक्त की।

---

## स्वदेशी संकल्प यात्रा निकालकर किया जागरूक

### स्वदेशी जागरण मंच के तहत आठ दिवसीय यात्रा का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा शुरू की गई आठ दिवसीय स्वदेशी संकल्प यात्रा दूसरे दिन कैमरी रोड स्थित डीएवी स्कूल से यात्रा शुरू की गई। बैनर, फ्लैक्स व झंडों से सुसज्जित स्वदेशी संकल्प यात्रा देखकर सभी प्रभावित हुए। इतना ही नहीं प्रपत्र बांटकर लोगों को स्वदेशी उत्पाद के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को स्वदेशी विचारधारा अपनाने के लिए प्रेरित किया। यात्रा के दूसरे दिन राकेश चराया, अनिल कौशिक, मोना जैन, स्नेहलता, ऋचा जांगड़ा, तारा देवी, प्रदीप बामल, नरेश राजली, अभिषेक सोलंकी, महेंद्रपाल, अमन बजाज, भूपेंद्र कुमार, देवेंद्र अग्रवाल, रितुराज व श्याम सैनी ने विशेष भूमिका निभाई।

**लोगों को स्वदेशी विचारधारा अपनाने के लिए प्रेरित किया**

#### को-ऑपरेटिव बैंक मैनेजर वर्मा के पिता का निधन

*हिसार। को-ऑपरेटिव बैंक हिसार के मैनेजर स्थानीय प्रेम नगर निवासी रामफल वर्मा के पिता धनपत सिंह का निधन हो गया है। उनकी आयु 89 वर्ष की थी और वे पिछले एक सप्ताह से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार निकटवर्ती गांव रावलवास खुर्द में किया गया। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। उनके निधन पर सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया है।*

#### लेटेस्ट टैक्स ऑडिट रिपोर्ट पर सेमिनार आयोजित

*हिसार। चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा लेटेस्ट टैक्स ऑडिट रिपोर्ट पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सीए पंकज मिश्रा व सीए नव्य मल्होत्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि जीएसटी की दरों में परिवर्तन से सीए व अन्य लोगों में मन के कई प्रश्न उठ रहे थे।*

#### 'महिला स्वास्थ्य जागरूकता' पर व्याख्यान आयोजित

*हिसार। दयानंद कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ, शारीरिक शिक्षा विभाग व, यूथ रैड क्रास यूनिट की ओर से छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच व 'महिला स्वास्थ्य जागरूकता' विषय पर विस्तार व्याख्यान और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में शोभा चहल व मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोनिका बांगा, एएमओ, यूपीएचसी, ऋषि नगर ने शिरकत की।*

## पोस्टर मेकिंग में यशी रही प्रथम

- गुजवि में 'सूक्ष्म जीवों की छिपी दुनिया' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सूक्ष्म जीव दिवस के उपलक्ष्य पर बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा 'सूक्ष्म जीवों की छिपी दुनिया' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने की।

इस अवसर पर 'सूक्ष्म जीवों की छिपी दुनिया' से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर पोस्टर मेकिंग, रंगोली, प्रश्नोत्तरी तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



हिसार। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे परिणाम**

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एमएससी माइक्रोबायोलॉजी की यशी असलिया ने पहला तथा बीएससी लाइफ साइंस की कनिका व अनुष्का दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। रंगोली मेकिंग में बीएससी लाइफ साइंस की कनिका, करुणा और मुस्कान ने पहला तथा एमएससी बायोटेकनोलॉजी व माइक्रोबायोलॉजी की टीमों ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

---

## आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर प्रदर्शन 23 को

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा के ब्लॉक हिसार की बैठक ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल की अध्यक्षता में स्थानीय संघ कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक कि संचालन ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। बैठक में आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 23 सितंबर को जिला स्तर पर किए जाने वाले धरना व प्रदर्शन की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में ब्लॉक वित्त सचिव रमेश शर्मा, सचिव अनिल वर्मा, सुरेंद्र चहल, वरिष्ठ उप प्रधान सुनील लाडवा, सोनू जांगड़ा, राजेश नेहरा, दीपक लोट, सुनील, दीपक शर्मा, सुरेंद्र फौजी, सुशील कुमार, पवन शर्मा व दीपक मेहरा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**आयोजन** निकाय मंत्री विपुल गोयल सहित अनेक हस्तियां आएंगी

## अग्रसेन जयंती महोत्सव में काकाजी ग्रुप प्रस्तुत करेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

*ट्रस्ट ने नगर वासियों को निमंत्रण दिया*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के तत्वाधान में 21 सितंबर को भवन प्रांगण में मनाए जाने वाले महाराजा अग्रसैन जयंती महोत्सव की सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं।

सुबह हुई ट्रस्टियों की बैठक में महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर व्यापक रुपरेखा तय की गई तथा नगर वासियों को महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया गया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि महोत्सव में स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित होंगे। महोत्सव में देश भर में प्रसिद्ध काकाजी ग्रुप के कलाकार भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बैठक में ट्रस्ट से जुड़े प्यारेलाल लाहौरिया, रामनिवास कोहलीवाले, एनके गोयल, प्रवीन जैन, कृष्ण खारिया, प्रवीन गर्ग, सुरेन्द्र सिंगल दुर्जनपुरिया, विनोद गुप्ता, वीरभान बंसल, वेद बंसल, शिवकुमार गोयल, जयकुमार बंसल, रामकुमार गर्ग, कल्पना जैन, दीपा जैन, आदि उपस्थित रहे।



हिसार। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के लिए नगर वासियों को निमंत्रण देते अग्रसेन भवन ट्रस्ट से जुड़े सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

**अग्रसेन भवन में पहले की तरह ही काम होगा: अंजनी**



**हिसार।** महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने कहा है कि भवन में होने वाले विवाह सहित अनेक तरह के सभी कार्यक्रमों के लिए टेंट, केटरिंग व सजावट आदि का काम पहले की तरह ही होगा। टेंट वालों से हुई बातचीत में सहमति हुई है कि कोई भी टेंट वाला डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा नहीं लेगा। काम के हिसाब से इससे कम बेशक ले सकते हैं। इस राशि में भी सभी तरह की सहुलियतें जैसे वाटर प्रूफ टेंट, जनरेटर-तेल सहित, फूल सज्जा, स्टेज, फेरे की सजावट सहित पूरी व्यवस्था, डीजे आदि उपलब्ध करवाने होंगे।

### संत समागम में साध्वी करुणागिरी आएंगी

- 21 को अग्रसेन भवन में आयोजित होगा संत समागम

**हिसार।** बाबा जोध सचियार सेवा समिति से जुड़े भयाणा एवं सेवक परिवारों की ओर से 21 सितम्बर को अग्रसैन भवन में होने वाले नौवें महान संत समागम एंव सत्संग समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

समिति के प्रधान दयानंद भयाणा ने बताया कि समागम में बालयोगिनी महामंडलेश्वर संत शिरोमणि साध्वी करुणागिरी महाराज, हरिद्वार वाले के अलावा भाई सतनाम सिंह आसनकलां वाले, भाई लवप्रीत सिंह सिरसा वाले, भाई अरूण गंगानगर वाले, डॉ. मोहन तनेजा हिसार वाले सत्संग व कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे।